सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-285
29/06/2017

न्याय के साथ विकास पर है मेरा विश्वास :– मुख्यमंत्री

पटना, 29 जून 2017 :– न्याय के साथ विकास पर मेरा विश्वास रहा है। समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को जब तक लाभ नहीं मिलेगा, तब तक न्याय के साथ विकास की अवधारणा पूरी नहीं हो सकती है। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज औरंगाबाद जिला के गोह प्रखण्ड मुख्यालय में स्वतंत्रता सेनानी रहे स्व0 रामविलास शर्मा के मूर्ति का अनावरण करने के प्रश्चात गोह प्रखण्ड मुख्यालय में आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुये अपना उदगार व्यक्त कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में शराबबंदी को अभूतपूर्व समर्थन मिला है और अब दहेज प्रथा एवं बाल विवाह को रोकने के लिये जन जागरण अभियान चलाना होगा। महात्मा गॉधी की जयंती के मौके पर बाल विवाह और दहेज प्रथा के विरूद्ध सशक्त अभियान शुरू होगा। उन्होंने कहा कि शराबबंदी से राजस्व में गिरावट आने की बात कही जा रही थी लेकिन इसमें मामूली कमी आयी है। बिहार के दस हजार करोड़ रूपये बर्बाद होने से बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि शराबबंदी होने पर कई लोगों ने कहा कि यहॉ आने वाले पर्यटकों की संख्या काफी कम हो जायेगी, जबकि वास्तविकता यह है कि शराबबंदी के बाद इसमें इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि घरेलू पर्यटकों की संख्या में 68 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुयी है, जबकि विदेशी पर्यटकों की संख्या में 9 प्रतिशत की वृद्धि हुयी है। उन्होंने कहा कि गया में लोग पिण्डदान करने आते हैं, जबकि वैशाली, राजगीर में लोग ज्ञान की तलाश में पहॅुचते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाल विवाह एवं दहेज प्रथा समाज के लिये कुरीति है और जो लोग दहेज लेते हैं, उनके यहॉ शादी में नहीं जाने से इसका असर समाज पर दिखने लगेगा। उन्होंने कहा कि बिहार में शराबबंदी फेल नहीं हो सकता, जो लोग भी लापरवाही बरतेंगे, वे बख्शे नहीं जायेंगे। उन्होंने कहा कि समाज में समरसता बनी रहनी चाहिये और विकास की जो परिभाषा है, उसे न्याय के साथ जोड़कर देखना होगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों का अमीर हो जाना ही विकास नहीं होता है बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिलना चाहिये। उन्होंने कहा कि जब पुल/पुलिया और सड़क की दिशा में काम शुरू किया गया तो इस पर भी ध्यान दिया गया कि सामाजिक कुरीतियॉ दूर हो। सरकार ने पहल की है और आपलोग इसके समर्थन में सामने आये हैं। उन्होंने कहा कि मानव श्रृंखला में दो करोड़ लोगों के शामिल होने की उम्मीद थी लेकिन इसमें चार करोड़ से ज्यादा लोगों ने भाग लिया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में शराबबंदी और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में जन सहभागिता को अहम बताया।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, विधायक श्री सत्यदेव कुशवाहा, विधायक श्री अशोक कुमार सिंह ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक श्री रणविजय कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती रेणु देवी, पूर्व विधायक श्री ललन भूईयां, औरंगाबाद जिला जदयू अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र सिंह, अरवल जिला जदयू अध्यक्ष श्री जितेन्द्र पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष जदयू श्री विश्वनाथ सिंह, श्री सीताराम दुखारी, जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष श्री पंकज पासवान सहित अन्य जन प्रतिनिधि, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, जिलाधिकारी औरंगाबाद, पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

******